नयी शिक्षा नीति के चार वर्ष पूर्ण होने पर... पृष्ठ 2 | एनबीआईएस , बोरी में अलंकरण समारोह... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स


नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

मंगलवार, 30 जुलाई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 288, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 15.18 लाख पात्र परिवारों को जल्द मिलेगा आवास - विष्णुदेव साय

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली के कृषि भवन में कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ के कृषि और ग्रामीण विकास के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 15.18 लाख पात्र परिवारों के आवास का मुद्दा भी रखा, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने जल्द स्वीकृति देने का आश्वासन दिया है। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी साथ थे। बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री को सूचित किया कि छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 15.18 लाख परिवारों को अभी तक आवास की स्वीकृति नहीं मिली है। इसमें 6.99 लाख परिवार योजना के स्थायी प्रतीक्षा सूची में हैं और 8.19 लाख परिवार आवास प्लस में शामिल हैं। पूर्व में योजना के लिए राज्य का हिस्सा नहीं मिलने के कारण यह समस्या बनी रही। मुख्यमंत्री ने जल्द आवास स्वीकृत करने का अनुरोध किया, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने इस पर तत्काल कार्रवाई किए जाने की बात कही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना-2011 एवं आवास प्लस 2018 की सूची में अनेक पात्र परिवारों का नाम शामिल नहीं हो सका है। उन्होंने 10,500 नए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल करने का अनुरोध किया और साथ ही



नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पंचायतों को आवास निर्माण की स्वीकृति देने की मांग की। मुख्यमंत्री ने मनरेगा योजना के तहत आधार आधारित भुगतान प्रणाली (क्कक्कस्) में 31 मार्च, 2025 तक छूट देने का आग्रह किया, ताकि दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के श्रमिकों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होने कहा दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इंटरनेट की कमी और अन्य समस्याएं हैं, जिससे आधार आधारित भुगतान में कठिनाई आ रही है। इसके साथ ही इन क्षेत्रों में जब तक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध ना हो तब तक नगद भुगतान की अनुमति देने की मांग की। साथ ही, मुख्यमंत्री श्री साय ने आदिवासी क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी सुधार की आवश्यकता जताई, जहां कई बसाहटें बारहमासी सड़कों से जुड़ी नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में छूटे हुए आदिवासी क्षेत्रों को शामिल करने और पुरानी सड़कों के उन्नयन की मांग की। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान के तहत 106 वृहद पुलों की स्वीकृति की प्रक्रिया की जानकारी दी और साथ ही छत्तीसगढ़ के लिए 426 छूटे हुए पुलों के निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत इन पुलों का निर्माण महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे आदिवासी क्षेत्रों की सड़क कनेक्टिविटी सुधरेगी और नक्सल उन्मूलन अभियान को भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी, और रागी जैसी मिलेट फसलों के उत्पादन को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन फसलों की उत्पादन क्षमता बढ़ाना राज्य के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ये पौष्टिक होती हैं और आदिवासी क्षेत्रों में प्रमुख खाद्य पदार्थ हैं। साथ ही, उन्नत तकनीक और बीजों की उपलब्धता से किसानों की आय बढ़ेगी। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ में कृषि व ग्रामीण विकास के विभिन्न प्रस्तावों पर जल्द से जल्द सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। बैठक में छत्तीसगढ़ से मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी दयानंद, पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक, प्रधानमंत्री आवास योजना के संचालक श्री रजत बंसल एवं केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने सरकार संकल्पित : अरुण साव

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ संभावनाओं का प्रदेश है। देश के किसी और राज्य में इतने संसाधन और क्षमता नहीं है। यदि सुव्यवस्थित योजना बनाकर काम करें, तो छत्तीसगढ़ देश का सिरमौर राज्य बन सकता है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने आज बिलासपुर के स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में च्छत्तीसगढ़ विजनञ्च2047ज् तैयार करने राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय कार्यक्रम में ये बातें कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने की। कार्यशाला में बिलासपुर संभाग के युवाओं, किसानों, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने च्छत्तीसगढ़ विजनञ्च2047ज् के बारे में अपने विचार साझा किए।




उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने संवाद कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के इतिहास में पहली बार योजना बनाने में आम लोगों से राय ली जा रही है। समाज के हर व्यक्ति को समाहित करते हुए हम योजना बनाएंगे। देश में पहली बार आपकी आकांक्षाओं और इच्छाओं का बिलासपुर और छत्तीसगढ़ बनाएंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के पास असीम संभावनाएं है। सभी को ध्यान में रखकर जब हम योजना बनाएंगे तो एक समन्वित और समावेशी विकास हो पाएगा। बिलासपुर को विश्व स्तरीय शहर बनाने की दिशा में हमारी सरकार ने काम करना शुरू किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में च्अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजनञ्च2047ज् डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए राज्य के एक-एक व्यक्ति से सुझाव लिया जा रहा है। बिल्हा के विधायक श्री धरमलाल कौशिक ने कार्यक्रम में कहा कि हमारा भारत कैसा हो, छत्तीसगढ़ कैसा होना चाहिए, इसके लिए सभी से सुझाव लिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार आया है। 2014 के पहले हम विश्व में 11वें पायदान पर थे। आज हम पांचवे पायदान पर हैं। सभी के सुझावों से तैयार किया गया विजन डॉक्यूमेंट गौरवशाली होगा। बेलतरा के विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षो में भारत ने अभूतपूर्व तरक्की की है। छत्तीसगढ़ में प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक संसाधन, वन संपदा और मानव संसाधन है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में च्छत्तीसगढ़ विजनञ्च2047ज् डॉक्युमेंट तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्राप्त सुझावों का नीति आयोग द्वारा संकलन किया जाएगा। प्रदेश में पर्यटन, कृषि और सर्विस सेक्टर में असीम संभावनाएं है।

# पौधा वितरण कर पर्यावरण सुरक्षा के लिए किया गया जागरूक.....

**धमतरी।** माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के तत्वाधान में आज जिलाध्यक्ष श्रीमति कमलेश गुप्ता के द्वारा पौधा वितरण कर पर्यावरण के



प्रति जागरूक किया गया साथ में सभी को वृक्ष लगाने की और उसकी सुरक्षा करने को कहा गया, सावन सोमवार के अवसर पर सुंदरकांड का पाठ किया गया और सबको भोजन प्रसाद कराया गया। इस कार्य में श्रीमति कमलेश गुप्ता ,विष्णु प्रकाश साहू ,जी रेणुका केसरवानी , बसंती शर्मा, सुनैना मिश्रा अनीता पांडे, सपना पांडे , कमला पांडे , कमलिता साहू, लक्ष्मी बया, पूनम तिवारी, लक्ष्मी पमपमवार उपस्थित रहे।

# राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को राजभवन परिवार के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने दी भावभीनी विदाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को आज राजभवन में आयोजित एक भावभीनी विदाई समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल हरिचंदन ने राजभवन परिवार के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अपने कार्यकाल के विभिन्न पलों को याद किया और उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह में राज्यपाल को राजभवन परिवार की ओर से शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। राज्यपाल हरिचंदन ने अपने संबोधन में कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों का दौरा किया और यहां के लोगों की मेहनत, समर्पण और साहस को नजदीक से देखा। उन्होंने छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता और लोगों की सरलता और सहजता की भी प्रशंसा की। राज्यपाल ने अपने



कार्यकाल में लागू की गई कई महत्वपूर्ण योजनाओं और नीतियों का उल्लेख किया। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तायुक्त अध्ययन-अध्यापन को सुनिश्चित करने के उनके प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालयों में समय पर दीक्षांत समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए। कुलाधिपति के रूप में उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र की सेवा करने और गरीब, शोषित एवं वंचित वर्ग के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण आज विश्व की बड़ी समस्या है और इसके समाधान के लिए सभी को जागरूक होना पड़ेगा। पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सभी को पेड़ लगाना चाहिए, जिससे मानवता की सेवा होगी। राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार ने कहा कि हरिचंदन ने अपने ज्ञान और अनुभव से निरंतर मार्गदर्शन किया।

# पेंशनर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश के डॉ. के.एल. टाण्डेकर सर्वसम्मति से प्रांताध्यक्ष चुने गए

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ठाकुर प्यारेलाल सिंह स्कूल के सभागृह में पेशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश की सभा सम्पन्न हुई





जिसमें 965 मतदाताओं में लगभग 365 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लगातार बारिश के बीच सर्वसम्मति से दिग्विजय कालेज सेवा निवृत्त प्राचार्य डॉ. के.एल. टाण्डेकर को प्रांताध्यक्ष चुना उनके नाम का प्रस्ताव कार्यकारिणी प्रांताध्यक्ष डी. एन. साहू ने रखा जिसका प्रांतीय महामंत्री के.पी. सिंह ने समर्थन किया। तथा के.के. महेश्वरी महासचिव मोहला-मानपुर-चौकी ने समर्थन किया। प्रमुख चुनाव अधिकारी चेतन भारती, प्रांताध्यक्ष पेंशनर फेडरेशन रायपुर ने सर्वसम्मति से चुने जाने की घोषणा की। सहायक चुनाव अधिकारी पूर्णानन्द नेताम जिलाध्यक्ष मोहला-मानपुर-चौकी एवं पुरषोत्तम साहू जिलाध्यक्ष दुर्ग जिला थे। चुनाव के बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. के.एल. टाण्डेकर का आत्मीय स्वागत उपस्थित सभी पेंशनरो ने किया। नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि मैं अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए पेंशनर संगठन को ऊंचाई पर ले जाऊंगा इसके लिए सभी पेंशनरो का सहयोग अपेक्षित है। प्रत्येक पेंशनर की व्यक्तिगत समस्या को हल करने के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। सभा को तीनों चुनाव अधिकारी के साथ ही निवर्तमान कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष डी.एम. साहू ने संबोधित किया। सभा में रायगढ़ जिलाध्यक्ष तिरथ राम यादव, रायगढ़ संरक्षक हेमप्रसाद, रायपुर जिला अध्यक्ष एम.पी. सिंह, प्रांतीय महामंत्री के.पी. सिंह, समस्त तहसील अध्यक्ष डी.एस. देशमुख छुरिया, पी.आर. चंद्रवंशी कुमर्दा अध्यक्ष, चौकी तहसील अध्यक्ष जी.आर. सीआर देवांगन, डी.डी. पाण्डे, बीरबल ठाकुर, दीपक सिंह, शिवप्रसाद टेमरे आदि थे। सभी अतिथियों का सम्मान शाल और श्रीफल देकर किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला महासचिव जी.आर. देवांगन ने किया। कुशल प्रबंधन विजय निषाद, राजेश कुमार रथि एवं बी.टी. वाल्दे नगर अध्यक्ष ने किया। यह जानकारी बीटी वाल्दे द्वारा दी गई।

# अंततः डोंगरगढ मंदिर परिक्रमा पथ को मिली मंजूरी

**डोंगरगढ ( नांदगांव टाइम्स )।** मां बम्लेश्वरी मंदिर में परिक्रमा पथ को लेकर लंबे समय से चल रही बहुप्रतीक्षित मांग को अंततः माननीय विष्णु देव साय की भाजपा सरकार के द्वारा हरी झंडी दिखा दी गयी साथ ही साथ अनुपूरक बजट में धर्मनगरी डोंगरगढ में बाईपास रिंगरोड का निर्माण कार्य सलंग्न है।



विकास एवं निर्माणकार्य के लिये जिसमे प्रमुख रूप से 26किलोमीटर लम्बाई की रिंगरोड बाईपास मार्ग जिसकी अनुमानित लागत82करोड़ रुपये एवं परिक्रमा पथ जिसकी लंबाई 8किलोमीटर अनुमानित लागत59करोड़ रुपये फोर लाइन निर्माण कार्य शामिल है। साथ ही साथ जिले के सभी नगरीय निकाय के साथ साथ डोंगरगढ में भी एक लाइब्रेरी के निर्माण के फैसले से प्रतियोगी परीक्षाओ में सम्मिलित होने वाले आसपास के ग्रामीण इलाकों से आने वाले एवं स्थानिय विधायर्थियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। डोंगरगढ में मां बम्लेश्वरी मंदिर में परिक्रमा पथ की मांग मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के तत्कालीन अध्यक्ष श्री पिताम्बर स्वामी के द्वारा की गयी थी उससमय छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री माननीय डॉ रमनसिंगजी एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल थे, इसकार्य को गतिप्रदान करत्ते हुये राजनानंदगाव जिले के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव जी , अभिषेकसिंग जी द्वारा निरंतर प्रयास किया जाता रहा ,किंतु सरकार के बदल जाने के बाद स्वीकृति का कार्य पूरा नहीं हो पाया, वर्तमान में भाजपा की पुन: सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के वित्तमंत्री ओ, पी, चौधरीजी के द्वारा मानसून सत्र में जिले के विधायक एवं छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ रमनसिंग, सांसद संतोष पांडे जी के विशेष प्रयास से स्वीकृति प्रदान की । छत्तीसगढ़ भाजपा के व्यापार प्रकोष्ट के कार्यकारिणी सदस्य एवं डोंगरगढ विधानसभा के मीडिया प्रभारी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी को विकास की सौगात प्रदान करने के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेवसाय जी, विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ रमनसिंगजी,वित्तमंत्री ओ, पी, चौधरीजी, पूर्व सांसद द्वय मधुसूदन यादव जी अभिषेक सिंग जी, वर्तमान सांसद संतोष पांडे जी प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती, भरतलाल वर्मा, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को बधाई प्रेषित की है, बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, भाजपा नेता सुनील जैन, प्रकाश चौरड़िया, महेंद्र अग्रवाल, कुलवंतसिंग कक्कड़, अमित जैन,नगरपालिक उपाध्यक्ष उमामहेश वर्मा, राकेश अग्रवाल, ने बधाई दी है।

# खिलाड़ी वसुंधरा से मिले मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वर्ष 2024 अक्टूबर में होने वाले ग्रीस



यूरोप में वर्ल्ड जुजित्सु मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की होनहार खिलाड़ी कुमारी वसुंधरा सिंह का चयन होने पर खास पूर्व सांसद मधुसूदन यादव जी के निमंत्रण पर आज प्रदेश महासचिव व कोच अजय राणा जी व जिलाध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी जी मार्गदर्शन में कुमारी वसुंधरा ने पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव जी से भेंट मुलाकात कर सारगर्भित चर्चा की साथ ही भविष्य की अपनी कार्यप्रणाली के विषय मे होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्रदान की श्री यादव ने भारत का प्रतिनिधित्व करने हेतु खिलाड़ी वसुंधरा को शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की,साथ ही कहाँ की जिले में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नही है और कहा उन्हे विश्वास है कि जरूर आप भारत का नाम रोशन करेंगे और भारत के लिए मेडल लेकर आएगे जो छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित राजनांदगांव डोंगरगढ़ का मान बढ़ाने में सहायक होगा। राजनांदगांव रेंज के आई जी व खेलो में खास रुचि रखने वाले श्री दीपक झा महोदय जी से भी भेंट मुलाकात की उच्च अधिकारी श्री झा को जब पता हुआ कि जिजित्सु खेल में होने वाले वर्ल्ड चैपियनशिप में छत्तीसगढ़ से मात्र एक खिलाड़ी का चयन हुआ है और वह भी राजनांदगांव जिले से तो उन्होंने चर्चा के दौरान कहाँ की अभी बचे दिनों में पूरी तरह से अभ्यास में लगे रहे तो नि:चित ही मैडल भारत के नाम होगा। पूर्व में भी जिजित्सु खेल से लगाव होने की बात करते हुए कहाँ की उन्हें खिलाड़ियों के बीच जाना अच्छा लगता है जब भी मौका मिले वह जरूर जिले के खिलाड़ियों से मुलाक़ात करना चाहेगे। चर्चा के दौरान डोंगरगढ़ नगर के कराटे खिलाड़ी विकास सहारे व खेलो

# धूम धाम से निकली महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर जी की सवारी

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** मां बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ में पवित्र सावन माह के अवसर महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में सवारी पालकी यात्रा धूम धाम से नगर भ्रमण को निकली! सर्वप्रथम छोटी मां बम्लेश्वरी मंदिर में शिव शक्ति का भेट पूजन सम्पन्न हुआ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल व सिंघोला महाकाल मंदिर के संस्थापक के पवन डागा व ट्रस्टी हनी गुप्ता की उपस्थिति में पंडित युवराज शर्मा,दुबे महाराज द्वारा पूजन सम्पन्न किया गया तत्पश्चयात महावीर मंदिर प्रांगण में ठाकुर जी के साथ हरि हर मिलन पूजन के बाद बाबा महाकाल की सवारी नगर भ्रमण के लिए निकली जिसे नगर के शिव भक्त बड़ी संख्या में शामिल हुए समिति के हिमाशु गुप्ता ने बताया आयोजन को लेकर 1 सप्ताह पूर्व से तैयारी की जा रही थी यात्रा में अखाड़ा बैंड बाजा शिव लीला भजन मंडली व झांझ डमरू की धुन में बाबा महाकाल नगर में अपनी प्रजा का हाल चाल जाने निकले जिसमे नगर के महेश्वरी समाज,कच्छ गुर्जर गुजराती समाज, शिव सेना,मारुति नंदन भक्त समिति, भगत सिंह क्लब, राधे कनौजिया तराने गली,सनातन जागृति संस्थान, पिपलेश्वर महादेव समिति,पशुपति




नाथ मंदिर समिति,शिव मंदिर ठेठवार समिति द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया व स्वल्पाहार पेय जल की व्यवस्था की गयी यात्रा के नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए ठेठवार पारा शिव मंदिर में समापन किया गया जहाँ शिव भक्तों द्वारा सामूहिक महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया कल का नगर का वातावरण शिवमय नजर आया इंद्रदेव की कृपा से यात्रा सफलता पूर्वक आनंद के साथ सम्पन्न हुई समिति नगर में सभी समाज व समितियों का आभार व्यक्त किया साथ ही आयोजन के किये प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोगियों के धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन में मुख्य रुप से महाकाल मंदिर संस्थापक पवन डागा,नीलू शर्मा,राजू डागा,संजय तेजवानी,विक्की अग्रवाल,रामजी भारती,योगेश पांडे,विनोद खांडेकर,हरविंदर सिंह मांगे,सुनील जैन,प्रकाश चौरड़िया,महेंद्र भाई पटेल,प्रकाश बिंदल,पवन मेश्राम,राहुल बलदेव शर्मा,प्रकाश समृति,तरुण हथेल,प्रिंस कक्कड़,बबली नामदेव,आलोक सोनी,नीरज चौरड़िया,अक्षय चौरडिया,सुमित ताम्रकार,बाल मुकंद तराने,संध्या देशपांडे, सविता दरगड,अंचला ठाकुर,अनिता लोकेश इंदुरकर,आशीष शुक्ला,नितिन शर्मा,रजत देशपांडे,शुभम नामदेव,आदित्य मिश्रा,राहुल यादव,प्रिंस यादव, निशान शर्मा,वरुण अग्रवाल,रवि यादव, सत्यम यादव अन्य सभी भक्त उपस्थित हुए।

## ज्ञान मंथन

*1) मेवाड़ में भील आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?*
*2) बगीचों का शहर किस शहर का उपनाम है?*
*3) एशिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर वार्षिक व्यापार मेला बाली जात्रा हाल ही में कहां शुरू हुआ है?*
*4) दुनिया का सबसे बुद्धिमान जानवर किसे माना जाता है?*
*5) किस भारतीय लेखक को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए 45वां यूरोपीय निबंध पुरस्कार दिया गया है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )




## उत्तर माला

(1) मोतीलाल तेजावत (2) कपूरथला (3) कटक (4) चिम्पांजी (5) अरूंधति राय

# एनबीआईएस , बोरी में अलंकरण समारोह का आयोजन

## प्रनीत सिंग बग्गा हेडब्वाय एव प्रेक्षा लोहिया हेड गर्ल बनी

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल , बोरी में नये शिक्षा सत्र 2024-25 के अलंकरण समारोह (इनविस्टीचर सेरेमनी ) का आयोजन किया गया । इस समारोह में शाला के हेड बाय , हेड गर्ल के साथ ही शाला में होने वाली गतिविधियों को संचालित करने के लिए अनेक विभागों के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी ।

सत्र 2024-25 के हेड बाय एवं हेड गर्ल के लिए शाला में चुनाव कराया गया । चुनाव परिणाम आने पर बच्चों में उत्साह देखने को मिला । समारोह के आयोजन की शुरुआत संस्था के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी , श्रीमती सोनल बाजपेयी , प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया । हेड बाय एवं हेड गर्ल सीनियर विंग के कक्षा बारहवीं के छात्र प्रनीत सिंग बग्गा और छात्रा प्रेक्षा लोहिया तथा जूनियर विंग के कक्षा पांचवी के छात्र प्रखर श्रीवास और छात्रा प्रीशा जैन मनोनित किये गये । शाला में चार हाऊस है जिसमें भगत हाऊस की इंचार्ज शिक्षिका स्वप्निल तिवारीऔर कैप्टन वेद राठी , दिपाली देवांगन एवं वाइस कैप्टन आयुष अरमान




बेहरा , रशिका देवांगन बने । वही सुखदेव हाऊस की इंचार्ज शिक्षिका अकांक्षा कोसरिया और कैप्टन रौनक लोहिया , रोशनी सिंह बघेल एवं वाइस कैप्टन प्रथम तिवारी , रिज़ा बिलाल खान बने । आजाद हाऊस की इंचार्ज शिक्षिका रागिनी देवांगन और कैप्टन अभय मोहबे , अविका चौबे एवं वाइस कैप्टन हेमाक्ष परमार , अराध्या चेलक बने । राजगुरु हाऊस की इंचार्ज शिक्षिका श्रीया राव और कैप्टन सिद्ध द्विवेदी , स्वर सांखला एवं वाइस कैप्टन आरुष गुप्ता ,रिशिका वैष्णव बने । वही सांस्कृतिक विभाग की इंचार्ज शिक्षिका हेतल पित्रौड़ा एवं कैप्टन यश धुर्वा व प्रतीक्षा साहू बनी । शाला में खेल विभाग के शिक्षक डाक्टर विकास वैष्णव को अनुशासन की जिम्मेदारी सौंपी गई एवं अनुशासन हेतु कैप्टन वैभव चितलांग्या और विना पंजवानी को बनाया गया । खेल गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए शाला के खेल शिक्षकों के साथ कक्षा बारहवीं के छात्र मोहम्मद अर्श तथा दिक्षा साहू को खेल कप्तान नियुक्त किया गया । शाला में होने वाले गतिविधियों के लिए अनेक क्लब भी बनाए गए है जिनके इंचार्ज है , शिक्षिका वंदिता यादव ( हैरिटेज क्लब ), शिक्षिका रोशनी चौहान ( हैल्थ एंड वैलनेस क्लब ) , शिक्षिका चांदनी साहू ( रिडिंग क्लब ) , शिक्षिका जसमीत कौर ( इको क्लब ) , शिक्षिका सोनाली साहू ( क्रिएटिव क्लब ) , शिक्षिका नम्रता परचानी , रीना सिन्हा और बुसरा सिंग को सीसीए इंचार्ज तथा हेड शिक्षिका सुष्मिता मंडल की नियुक्ति की गयी । शाला में होने वाले प्रतिदिन सभा की व्यवस्था के लिए शिक्षिका प्रस्तुति चौबे व सुभांशी शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई । संस्था के संचालक इंजीनियर श्री नीरज बाजपेयी , श्रीमती सोनल बाजपेयी के द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बैच पहनाया गया तथा शाला की प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी द्वारा सभी निर्वाचित सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाया गया । शाला के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी द्वारा नव नियुक्त सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि अनुशासन और कडी मेहनत से ही जीवन में सफलता पायी जा सकती है तथा हम एक उन्नत राष्ट्र की ओर बढ सकते है । विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का होना मतलब जीवन में आ रही चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा मिलना है । शाला में मिडिया प्रभारी के रुप शिक्षिका रुचि श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी गयी । समारोह के आयोजन का सफल मंच संचालन शिक्षिका निधी शुक्ला द्वारा किया गया । शाला के एडमिनीस्ट्रेटर नितिन चौहान तथा शिक्षकों ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । अलंकरण समारोह के इस गरिमामयी आयोजन में शाला परिवार सहित पदाधिकारी बच्चों के पालक उपस्थित रहे ।

## शिक्षा सप्ताह के सातवें दिन जामसरारकला में शिक्षार्थियों एवं वालेंटियर व समुदाय को शपथ दिलाया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रीय शिक्षा ब्रिति लीति 2020 के 4 वर्ष पूर्ण होने पर दिनांक 22/07/2024 से 28/7/ तक जामसरार कतार



में शिक्षा साताह का आयोजन किया गया। जिसमें समुदाय की महत्व भागीदारी रही बसी कड़ी में अंतिम दिवस पर उल्लास ससरता केन्द्र में शिक्षार्थियों वालेंटियर, समुदाय की उल्लास सपथ दिलाया गया। इसमें कार्यक्रम में प्राथ. शाला जामसराइ कला के प्रथात्र पाठक श्रीमती एकैया हन्छी गुलाब देवांगन (शिक्षक) चंद्रलाल साहू (शिक्षक) श्रीमती सुमनलता मंडावी (शिक्षिका) यशकुमार साहू, श्रीमती गायली यादव श्रीमती सुमिला कंवर, श्रीमती हेमवाळी साहू, श्रीभती कमला बाई कंवर, बिन्दा वर्ष यादव स्कूली बच्चे आदि उपस्थित रहे। उक्तर जानकारी जामसरार के शिक्षक गुलाब देवांगन के द्वारा दी गई।

## भोथीपारकला स्कूल में शिक्षा सप्ताह में विविध कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 22 जुलाई से 28 जुलाई तक उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला



भोथीपारकला में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। सात दिवस बच्चों के चहुंमुखी विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पाठ्यक्रम के साथ ही विभिन्न पाठ्य सहगामी गतिविधियां के आयोजन में बच्चे उत्साहपूर्वक भाग लिए।इस कार्यक्रम में सामुदायिक सहभागिता भी देखने को मिली। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य, बच्चों के पालक वर्ग, अंगना म शिक्षा कार्यक्रम से जुड़ी बच्चों की माताएं, लोक कलाकार एवं जन प्रतिनिधियों का बढ़िया सहयोग मिला। बच्चों और स्थानीय लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समापन दिवस के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् जीवन लाल साहू थे एवं अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक छगन दास साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहित राम साहू, चेतन दास साहू,ओम दास साहू, अनिल राय,चम्पा साहू, लीला ठाकुर, कोमिन ठाकुर,भारती यादव,शांता बाई साहू की उपस्थिति रही। संस्था के प्रधान पाठक गजाधर साहू ने सात दिवस का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमप्रकाश साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्रधान पाठक गजाधर साहू, शिक्षक ओमप्रकाश साहू, शिक्षिका योगेश्वरी रावटे, संगीता साहू,ललती साहू, रोमिल भंडारी का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

# छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के बागवानी विशेषज्ञों हेतु वाराणसी में कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय सब्जी अनुससंधान संस्थान वाराणसी एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के कृषि विज्ञान केन्द्रों के बागवानी विशेषज्ञों की प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी में किया गया। इस कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र सोमनी की प्रमुख एवं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. गुंजन झा में शामिल हुई। कार्यशाला में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों के कुल 50 उद्यान विशेषज्ञ शामिल हुए। सभी विशेषज्ञों के अपने-अपने जिले में किये गए कार्यों के प्रदर्शन के बाद उचित सुझाव हेतु संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा मंथन किया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं संस्थान के निदेशक डॉ. नागेन्द्र राय ने कहा कि किसानों के लिए बदलते परिवेश में उद्यानिकी फसलें विशेषकर मुख्य एवं अल्पदोहित सब्जियों की खेती कर आमदनी बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान आवश्यकता अनुसार समन्वित पोषण, कीट एवं रोग प्रबंधन पर ध्यान देने की आवश्यकता है, जिससे गुणवत्तायुक्त उत्पाद बाहर भेज सकें। कार्यशाला में निदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी जबलपुर डॉ. एसआरके सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक देश के उत्कृष्ट संस्थान से समन्वय बनाकर नवीनतम तकनीकों को कृषकों को दे तथा लाभ-लागत कम करने हेतु उचित शोध करें। डॉ. अजय वर्मा ने कहा कि किसानों को निर्यात योग्य सब्जियों के उत्पादन एवं पैकेजिंग पर कार्य करने की आवश्यकता है। डॉ. शालिनी चक्रवती ने बताया कि सब्जियों का बीज उत्पादन बहुत आवश्यक है। संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि किसानों को कम समय एवं कम लागत में तैयार होने वाली सब्जियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर परियोजना समन्वयक डॉ. राजेश कुमार, विभागाध्यक्ष फसल उत्पादन डॉ. अनन्त बहादुर, एवं विभागाध्यक्ष फसल डॉ. अरबिन्द नाथ सिंह सुरक्षा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डीआर भारद्वाज ने किया।

# प्रेमा को प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला आशियाना



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 1 बाबूटोला निवासी श्रीमती प्रेमा सोनकर अपने दो बच्चों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान के तहत बने पक्के घर में खुशी-खुशी जीवन यापन कर रही है। श्रीमती प्रेमा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर बनाने के लिए 2 लाख 26 हजार रूपए की राशि मिली है। जिससे वे अपना स्वयं का घर बना पाई है। श्रीमती प्रेमा ने बताया कि पति से विवाह विच्छेद होने के बाद उन्हें आजीविका चलाने में दिक्कत हो रही थी। अपनी आजीविका के लिए वे नगर पालिक निगम में डोर-टू-डोर कचरा सेंटर सुपरवाईजर के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। श्रीमती प्रेमा स्वच्छता दीदी के रूप में काम करते हुए थोड़े-थोड़े पैसे एकत्रित कर उन पैसों से एक छोटी सी जमीन खरीदी और उसी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान के तहत अपने आशियाने को बनाया और सजाया भी। श्रीमती प्रेमा बताती है कि जब वह किराए के घर में रहती थी, तो उसे सदैव चिंता का विषय बना रहता था कि किराए के घर को खाली करने, समय पर किराया न देने पर भय बना रहता था। किराये के मकान से परेशान होकर अपना स्वयं का घर बनाने की इच्छा थी। प्रेमा अपनी सोच को साकार करने के लिए कुछ वर्षों बाद जमीन खरीद कर अपने नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन किया, आवास की स्वीकृति आने पर प्रेमा ने थोड़े बहुत पैसे कहीं से उधार लेकर उस राशि को अंशदान के रूप में आवास निर्माण के समय लगा कर आज एक सुन्दर सुविधायुक्त अच्छा आवास का निर्माण करवाया है।प्रधानमंत्री आवास योजना सपनों को पूरा करने की कुंजी है, आज प्रेमा टाइल्स लगे सुंदर व्यवस्थित किचन वाले घर में रहते हुए अपने दोनों बच्चों के भविष्य को संवारने की बात कहती है, रोटी, कपड़ा और मकान तीनों मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए शासन ने सहयोग किया है। श्रीमती प्रेमा ने बताया कि वे शासन की बहुत सारी योजनाओं का लाभ ले रही हैं।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर हेपेटाइटिस बीमारी के संबंध में जनसामान्य को किया गया जागरूक



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक चिखली में हेपेटाइटिस बीमारी के संबध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा पाण्डेय ने बताया कि हेपेटाइटिस बी संक्रमित ब्लड, सुई, असुरक्षित यौन सम्बन्ध, दूसरे की संक्रमित शेविंग किट, टैटू बनवाने, गर्भवती माता से उसके बच्चे को हो सकता है। हेपेटाइटिस बी में वायरस के कारण लिवर में संक्रमण हो जाता है। लापरवाही करने पर लिवर खराब होने और लिवर कैंसर होने का भी खतरा रहता है। उन्होंने हेपेटाईटिस बी टीका के संबंध में जानकारी देकर लोगों को टीका लगाने के लिए प्रेरित किया। हेपेटाइटिस सी भी संक्रमित रक्त के माध्यम से हो सकता है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त ब्लड डोनेशन के पूर्व हेपेटाइटिस बी व सी का जांच अवश्य कराएं।आयुर्वेद चिकित्साधिकारी आयुष पॉलीक्लिनिक डॉ. प्रज्ञा सक्सेना ने बताया कि हेपेटाइटिस लिवर से जुड़ी एक बीमारी है, जिसमें लिवर में सूजन आ जाती है और इसके कारण कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है। हेपेटाइटिस आमतौर पर वायरल इंफेक्शन के कारण होने वाली समस्या है। इसके अलावा अत्यधिक अल्कोहल लेने की आदत, कुछ दवाएं जिनका अधिक प्रयोग, अत्यधिक तेल व मसाले वाला भोजन और किसी विशेष तरह की मेडिकल कंडीशन के कारण भी हेपेटाइटिस की समस्या हो सकती है। इस बीमारी के कई वेरिएन्ट्स हैं। जिनमें ए, बी, सी, डी और ई इनमें हेपेटाइटिस बी एवं सी को खतरनाक माना जाता है। हेपेटाइटिस ए में वायरस का संक्रमण दूषित भोजन व पानी से होता है। हेपेटाइटिस के लक्षणों में बुखार, उल्टी, भूख नहीं लगना वजन कम होना, पेट में दर्द एवं आँखों व त्वचा के सफेद भाग का पीला होना, पेशाब में



पीलापन होता है। इससे बचने के लिए दूषित एवं ज्यादा तेल-मसाले वाले खानपान से बचें एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर औषधीय पौधे कालमेघ, चिरायता, एलोवेरा, गिलोय का वितरण किया गया और औषधीय पौधों के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में योग चिकित्सक डॉ. भारती यादव, संस्था के सभी कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# रुद्राक्ष धारण करने के लिए सावन का महीना है सबसे अच्छा, ध्यान रखें सही समय और नियम



रुद्राक्ष पहनने से व्यक्ति को भगवान शिव की कृपा की प्राप्ति होती है। भगवान शिव के प्रिय माह सावन में रुद्राक्ष धारण करने पर इससे जुड़े कुछ नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। रुद्राक्ष पहनने वाले व्यक्ति को दीर्घायु का आशीर्वाद मिलता है और उसके तेज की वृद्धि भी होती है।

सावन का महीना भगवान शिव को प्रिय माना जाता है। इस साल सावन महीने की शुरुआत 22 जुलाई से हो चुकी है। कहा जाता है कि भगवान शिव की कृपा पाने के लिए सावन का महीना सबसे महत्वपूर्ण होता है। इस महीने उन्हें आसानी से प्रसन्न किया जा सकता है। सावन का महीना और कई कारणों से बहुत शुभ होता है। ऐसे में यदि आप रुद्राक्ष धारण करने की सोच रहे हैं, तो इस महीने धारण कर सकते हैं।

सावन में शिवरात्रि के दिन रुद्राक्ष धारण करना चाहिए। इस दिन शिव जी की विशेष पूजा के साथ रुद्राक्ष धारण करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। इसके अलावा सावन सोमवार के दिन भी रुद्राक्ष धारण किया जा सकता है। सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है, इसलिए इस दिन रुद्राक्ष धारण करने से शिव कृपा प्राप्त होती है। रुद्राक्ष धारण करने का सबसे अच्छा समय प्रात: काल होता है। इस समय वातावरण शुद्ध और शांत होता है। ऐसे में रुद्राक्ष की ऊर्जा आसानी से अवशोषित की जा सकती है। आप सुबह के समय रुद्राक्ष धारण कर सकते हैं। रुद्राक्ष धारण करने से पहले इसे पंचामृत और गंगाजल से शुद्ध करना चाहिए। इसके बाद इसे साफकपड़े से पोछें। इस पर तिलक लगाएं, धूप दिखाएं फिर ओम नम: शिवाय मंत्र का 108 बार जाप करें और रुद्राक्ष धारण कर लें। कहा जाता है कि रुद्राक्ष पहनने पर इससे जुड़े नियमों का पालन जरूर करना चाहिए धार्मिक मान्यता है कि सावन में रुद्राक्ष पहनना शुरू किया जाए, तो बहुत ही शुभ होता है। सबसे पहले रुद्राक्ष को एक लाल कपड़े में रखकर पूजा स्थल या शिवलिंग के पास रखें। पंचाक्षरी ओम नम: शिवाय मंत्र का जाप करें। फिर इसे गंगाजल से धोकर पंचामृत में डुबोएं और कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके बाद गंगाजल को हाथ में लेकर संकल्प में और फिर गंगाजल को हाथ से छोड़ दें। रुद्राक्ष को फिर से गंगाजल से धोने के बाद उसे धारण कर लें। रुद्राक्ष धारण करते समय सफेद या हल्के रंग के कपड़े ही पहनना चाहिए। एक बार रुद्राक्ष धारण करने के बाद नियमित रूप से हर दिन ध्यान और साधना करनी चाहिए। इससे रुद्राक्ष की ऊर्जा बढ़ती है और लाभ मिलता है। साथ ही मानसिक शांति भी बनी रहती है। रुद्राक्ष को हाथ और गले में धारण करने का महत्व है। अगर आप इसे हाथ में पहनना चाहते हैं, तो उसमें 12 दाने होने चाहिए फिर यदि गले में धारण करना चाहते हैं, तो 54 दोनों की संख्या होनी चाहिए। रुद्राक्ष बहुत ही पवित्र माना जाता है, इसलिए इसे कभी भी अशुद्ध हाथों से न छुएं और रुद्राक्ष को लाल धागे में ही पहनें। रुद्राक्ष धारण करने के बाद व्यक्ति को सात्विक भोजन ही करना चाहिए। ऐसे व्यक्ति को कभी भी मांसाहार या मांस-मदिरा का सेवन नहीं करना चाहिए। रुद्राक्ष को हमेशा विषम संख्या में धारण किया जाता है। अगर आप रुद्राक्ष की माला धारण कर रहे हैं, तो ध्यान रखें कि माला में 27 से कम रुद्राक्ष ना हो। ऐसा होने पर शिव दोष लगता है।

## अगस्त महीने में इस दिन किए जा सकेंगे मांगलिक कार्य




अगस्त के महीने में कई सारे व्रत और त्योहार मनाए जाने वाले हैं, लेकिन इस महीने शुभ कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त काफी कम हैं। कहा जाता है कि शुभ कार्य शुभ मुहूर्त देखकर ही किया जाना चाहिए। ऐसा करने से देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। अगस्त में सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि जैसे योग बन रहे हैं। अंग्रेजी कैलेंडर का आठवां महीना अगस्त जल्द ही शुरू होने वाला है। जून महीने में शुक्र अस्त होने के कारण शुभ कार्यों के लिए कोई भी शुभ मुहूर्त नहीं थे। वहीं, जुलाई में भी विवाह के लिए सिर्फ6 ही दिन मिले थे। फिलहाल सावन का महीना चल रहा है और विष्णु जी योग निद्रा में हैं। अभी चार महीने तक विवाह कार्य नहीं किए जा सकेंगे, लेकिन कुछ मांगलिक कार्यों के लिए अगस्त महीने में कुछ दिन शुभ रहेंगे। आइए, जानते हैं कि अगस्त माह में शुभ मुहूर्त कब है।

अगस्त माह 2024 में आने वाले शुभ मुहूर्त उक्त तिथि देखते हुए धार्मिक आयोजन कर सकते है।

**नामकरण हेतु शुभ मुहूर्त** दिनांक: 01, 09, 11, 21, 22, 23, 26, 28, 30 अगस्त।
**अन्नप्राशन हेतु शुभ मुहूर्त** दिनांक: 02, 07, 09, 12, 14, 19, 23, 28 अगस्त।
**कर्णवेध हेतु शुभ मुहूर्त** दिनांक: 01, 02, 09, 10, 14, 19, 23, 24, 28, 30, 31 अगस्त।
**उपनयन हेतु शुभ मुहूर्त** दिनांक: 07, 09, 14, 15, 16, 17, 21, 23, 24 अगस्त।
**वाहन क्रय हेतु शुभ मुहूर्त** दिनांक: 02, 09, 19, 23, 26, 28, 29 अगस्त।
**प्रॉपर्टी क्रय हेतु शुभ मुहूर्त** दिनांक: 04, 05, 15, 23, 28, 29 अगस्त।
**सर्वार्थ सिद्धि हेतु योग** दिनांक: 02, 04, 14, 18, 19, 22, 23, 26, 28, 29, 30 अगस्त।
**अमृत सिद्धि हेतु योग** दिनांक: 14, 23 अगस्त।
**विवाह मुहूर्त** इस माह कोई मुहूर्त नहीं है।
**विद्यारम्भ मुहूर्त** इस माह कोई मुहूर्त नहीं है।
**मुंडन मुहूर्त** इस माह कोई मुहूर्त नहीं है।
**गृह प्रवेश मुहूर्त** इस माह कोई मुहूर्त नहीं है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल, टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# तिरंगा लहराते निकली भारतीय सेना को समर्पित कांवड़ यात्रा





**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी नगरी में भोर काल में सुबह-सुबह शिवभक्ति व राष्ट्रभक्ति की अविरल धारा बही । आज की श्री बागेश्वर धाम कांवड़ यात्रा जो कि भारतीय सेना को समर्पित थी, जिसमें राष्ट्र प्रेम व शिवभक्ति दोनों के सामंजस्य का अदभुत जज्बा कांवड़ यात्रा के साथ-साथ आम नागरिकों में भी दिखा । पूर्व सांसद,महापौर मधुसूदन यादव भी कांवड़ यात्रा में शामिल हुए । बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, राजेश शर्मा, (अध्यक्ष पूर्व सैनिक संघ) विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल, सूरज गुप्ता ने बताया कि प्रातः भारी बारिश के बावजूद भी बड़ी संख्या में शिवभक्तगण पूर्व सैनिक व सेना प्रशिक्षु छात्रगण की उपस्थिति होने लगी बागेश्वर धाम से मोहारा स्थित शिवनाथ नदी पहुँचने के पूर्व ही बारिश भी भोलेनाथ की कृपा से बंद हो गई । मोहारा शिवनाथ तट स्थित शिव मंदिर से कांवड़ यात्रा तिरंगे झंडे लहराते हुए कांवड़ लेकर नीलकंठ महादेव भक्त निकले, जिसमें शिव भजन व राष्ट्रभक्ति के गीतों ने सम्पूर्ण माहौल देशप्रेम व भक्तिमय हो गया । कांवड़ यात्रा में उपस्थित जन भक्तिमय माहौल में भक्तिभावरत थे ।रास्ते में कई स्थानों पर व नंदई चौक में शिवनाथ क्षेत्रीय तट के अध्यक्ष डॉ डी.सी. जैन, हरजीत सिंह भाटिया, आदि जन प्रतिनिधियों द्वारा कावड़ यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बोल बम,हर-हर महादेव, भारत माता की जय,वंदे मातरम के मिश्रित नारों से कावडयात्रा के रास्ता गुंजायमान हो गया। श्री बागेश्वर धाम पहुंचकर कांवड़ यात्रियों द्वारा भगवान भोलेनाथ बागेश्वर महादेव को जल अर्पण कर, भारतीय सैनिको के उनके परिवारों के कल्याण हेतु कामना की गई ,तत्पश्चात आरती प्रसाद वितरण कर यात्रा अगले सोमवार तक विराम हुई। उक्त जानकारी बागेश्वर धाम सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई ।

**पुष्प वर्षा कर स्वागत, पूर्व सांसद मधुसूदन हुए शामिल**

## आश्रम एवं छात्रावास छात्र- छात्राओ का स्वास्थ्य जांच



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा छात्रावास के बालक व बालिकाओ का स्वास्थ्य परीक्षण कर जाँच किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.पी.एक्का विकासखण्ड अधिकारी डोंगरगढ़ के आदेशानुसार विकासखण्ड के अंतर्गत समस्त शहरी एवं ग्रामीण स्तरीय अनुसूचित जाति एवं आदिवासी बालक बालिका छात्रावास,आश्रम में स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमें सिकल सेल, हिमोग्लोबीन, दस्त प्रबंधन, सामान्य जाँच मलेरिया जाँच, दस्त प्रबंधन करवाया जा साथ रहा है। साथ ही स्वच्छ पेयजल एवं भोजन करने की, बारिश के मौसम में जल जनित रोगों की जानकारी एवं रोकथाम नियंत्रण के संबंध में बताया गया 7 आश्रम एवं छात्रावास में प्रत्येक माह स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य दल द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया जाएगा।

## डोंगरगांव के मास्टर प्लान को लेकर बैठक

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर को लेकर आयोजित मास्टर प्लान सम्बन्धी बैठक में सांसद संतोष पाण्डेय के द्वारा नगर के रुके हुए मास्टर प्लान को जल्द से जल्द नई रूप देने का निर्देश राजनांदगांव कलेक्टर और नगर निवेश के अधिकारीयों को दिया गया है । साथ ही साथ मास्टर प्लान में मिक्स प्लान (आवासीय एवं व्यावसायिक) के प्रावधान के विषय में विशेष रूप से ध्यान दिए जाने की बात कही है। शहर के सभी क्षेत्रो को देखते हुए निवासरत क्षेत्रो को मास्टर प्लान में जोड़ने का विशेष रूप से निर्देशित किया है । सांसद ने बताया की इस निर्णय से नगरीय निकाय एवं राजस्व विभाग को राजस्व की प्राप्ति में बढ़ोतरी होगी। बैठक में कलेक्टर, जिला पंचायत अध्यक्ष, वन विभाग एवं नगर एवं ग्राम निवेश के अधिकारी सहित सांसद प्रतिनिधि के रूप में डोंगरगांव मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता एवं सागर वर्मा उपस्थित रहे ।

## छविराम राव राष्ट्रीय सचिव व रायपुर नगर अध्यक्ष मनोनीत



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छतीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राव, भट्ट ब्राम्हण का इतिहास में आज रायपुर नगर अध्यक्ष श्री छवि राम जी को राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोनीत किया गया। राजनांदगांव जिला इकाई राव भट्ट समाज के श्रवण कुमार भट्ट ने उन्हें बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि श्री छविराम राव जी को राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोनीत किया गया है साथ ही छविराम राव जी को आज रायपुर नगर अध्यक्ष पद पर भी मनोनयन किया गया । साथ ही उपाध्यक्ष तिलक भट्ट,सचिव देवचरण को मनोनीत किया गया है। छवि राम राव को राष्ट्रीय सचिव, व रायपुर नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर सामाजिक बंधुओ ने उनका स्वागत सम्मान करते हुए उन्हें बहुत बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित किया।

## जीवनदान सेवा संस्था द्वारा डाक कावड़ यात्रा का आयोजन



**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जीवनदान सेवा संस्था के द्वारा सावन माह के द्वितीय सोमवार को डाक कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया जो प्रत्येक सोमवार को आयोजित किया जा रहा है द्वितीय सोमवार को आयोजित डाक कावड़ यात्रा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता प्रमुख विष्णु साव जी विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षा प्रमुख राजबहादुर सिंह जी ने सुबह 5:30 बजे पूजा अर्चना करके शुभारंभ किया यह यात्रा शीतला मंदिर जाकर पूर्ण श्रद्धा भाव से बाबा का अभिषेक किया गया यह यात्रा तृतीय सोमवार 5.8.2024 को शिवनाथ नदी मोहारा तट से सुबह 5:30 बजे प्रारंभ की जाएगी एवं महाकाल मंदिर सिंघोला मैं बाबा भोलेनाथ महाकाल जी का अभिषेक किया जाएगा।

# सैनिकों के लिए देश सर्वोपरि होता है, इसलिए हमारा राष्ट्र सुरक्षित है - मधुसूदन यादव

**कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर रवाना हुवे जिले के भूतपूर्व सैनिक, भूतपूर्व सैनिको की बस को तिरंगा लहराकर मधुसूदन ने किया रवाना**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज रायपुर में 26वाँ कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजित किया गया। यह आयोजन अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा राज्य स्तर पर कारगिल विजय दिवस की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश भर के भूतपूर्व सैनिकगण अपने अपने गृह जिला से पहुंच कर शामिल हुवे।इस आयोजन में शामिल होने के लिए राजनांदगांव जिले के पूर्व सैनिकों की बस को पूर्व सांसद राजनांदगांव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव द्वारा रविवार, प्रातः 10 बजे, स्थानीय सिविल लाइन्स स्थित निज कार्यालय से तिरंगा झंडा लहराकर उक्त आयोजन में सम्मिलित होने के लिए रायपुर रवाना किया गया । इस बस में सवार जिले के भूतपूर्व सैनिकगण में बसंत रावटे, गुरमीत सिंह भाटिया, संतोष सिंह, उमेश गांगबेर, गुमान दास साहू, संजय सिंह पवार, विनोद यादव, युगल किशोर वर्मा, भोजेश्वर गंजीर, पियूष साव, कन्हैया साहू, अशोक झा, ईश्वर सिंह जागृत, पुरेंद्र साहू, चंद्रकांत निषाद, अमर साव, आर के मिश्रा, कलीराम, अखिलेश सिंह, बी एल सिन्हा, उमा कुमार सिन्हा, कमलेश विज्याबार, जनक विषकर्मा, अंगेश्वर सिन्हा एवं अन्य साथी रायपुर रवाना हुवे। इससे पहले भूतपूर्व सैनिकों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत पूर्व सांसद मधु ने कहा कि कारगिल विजय के युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों की वीरता एवं शहादत को बारमबार नमन है, क्योंकि एक सैनिक के लिए देश के प्रति उसका कर्तव्य, प्रेम एवं समर्पण ही सर्वोपरि होता है , जिसके कारण हमारा राष्ट्र सुरक्षित हैं।

## श्री शिवनाथ समिति द्वारा कावड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा -डी सी जैन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को जीवनदायिनी शिवनाथ नदी से कावड़ में जल लेकर आने वाले कावड़ यात्रियों पर श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति द्वारा नंदई चौक में पुष्पवर्षा करते हुए बोल बम नारों के साथ भव्य स्वागत किया गया। प्रतिवर्ष श्रावण मास के सभी सोमवार के दिन शहर के हजारों पुरुष महिलाएं एवम बालकङ्क बालिकाएं सुबह से कावड़ लेकर शिवनाथ नदी तट जाते है और नदी स्नान के बाद अपने कावड़ के जल पात्रों में जल भरकर बोल बम के नारों के साथ पैदल खुले पैर चलते हुए नगर के विभिन्न मंदिरों में भोलेश्वर शिवजी का अभिषेक पूजन करते हैं। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री बागेश्वर महादेव धाम मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में समस्त भक्तगण के साथ कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से भूतपूर्व सैनिक संगठन के सैनिक एवम शालेय बालिकाएं शामिल हुई। शिवनाथ नदी से जल लेकर आने वाले हजारों कावड़ियों का श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ डी सी जैन, कोमल राजपूत, हरजीत भाटिया, विजय हरिहारनों, राकेश ठाकुर, गुरमुख वाधवा, हरीश साहू, विजय राय, ओंकार साहू आदि द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।भारी वर्षा के बावजूद नदी से जल लेकर आने वाले कावड़ियों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। श्री शिवनाथ समिति के अनुरोध पर अनुविभागीय दंडाधिकारी अतुल विश्वकर्मा द्वारा पहली बार नदी तट पर कावड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की गई थी जिसके लिए समिति द्वारा उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

## छुईखदान शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव



**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** छुईखदान सावन माह द्वितीय सोमवार 29 जुलाई 2024 को शहर के सभी शिवालयों में बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई । भक्तों द्वारा भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक , दुग्धाभिषेक , बेलपत्र , कनेर , फुह्हर धतूरा पुष्प श्रीफल आदि भेंट कर कपूर दीप से आरती किये है । रानी मंदिर समिति छुईखदान के संरक्षक लतारानी लाल जे के वैष्णव ने जानकारी दी कि सावन माह में महिला रामायण मंडली बाईसाहब मंदिर एवं बजरंग रामायण मंडली जस समिति छुईखदान द्वारा सभी मंदिरों में जाकर भजन कीर्तन किया जाता है । शिवालयों सहित शहर में ऊं नमः शिवाय , हर हर महादेव की भक्ति भाव से गूंजित रहा। भक्त जनों द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा , महामृत्युंजय मंत्र जाप , श्री शिव चालीसा पाठ एवं शिव तांडव स्तोत्र पाठ किया जाता है ।पं. प्रदीप मिश्रा जी के कथन एक लोटा जल , सभी समस्या का हल से भगवान शिवशंकर के भक्तों में बहुत वृद्धि हुई एवं भक्त जन पूजा अर्चना हेतु कतार में इंतजार करते हैं।

# मुख्य मार्ग की खुदाई, बना दलदल आवाजाही में दिक्कत



## मुख्य मार्ग मे लगाया गया लाल झंडा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आदर्श ग्राम सुरगी से आरला - मोखला (खुटेरी सोमनी) मुख्य मार्ग को बीते 20 जुलाई को सुरगी मुख्य चौक चंचल होटल सुरगी के सामने अत्यधिक जल जमाव के कारण मुख्य मार्ग को खोद दी गई थी। जिससे ग्रामीणों की मांग पर खोदी गई मुख्य मार्ग पर पानी निकासी के लिए पाइप तो बीछा दी गई है लेकिन उसके पटाव मे बिछाई गई मिट्टी युक्त होने होने के कारण,अत्यधिक दलदल होने के कारण साईकिल मोटरसाइकिल वाले को भी उस रास्ते से गुजर नहीं पा रहे हैं, जो उसे मार्ग पर गुजरने का प्रयास कर रहे वहां उनकी गाड़ियां फस जा रही और लोग गिर रहे हैं और उनके वाहनों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है. चार चक्के वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है। मुख्य मार्ग पर दलदल होने के कारण से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है और ग्रामीणों की मांग है कि इस समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए।

**हजारो की संख्या में आते हैं पढ़ने वाले स्कूली बच्चे**

आदर्श ग्राम सुरगी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में हजारों की संख्या में क्षेत्र के स्कूल बच्चे शिक्षक गण इसी मार्ग से आज आते जाते हैं जब से रोड की खुदाई की गई है तब से सकरी गली से आवागमन कर रहे हैं। समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग रखी गई है।

**खोदी गई मुख्य मार्ग मे लगाया लाल झंडा**

खोदी गई मुख्य मार्ग पर आज जेसीबी से चढ़कर एक युवक द्वारा लाल रंग का झंडा लगाया गया ताकि लोग इस मार्ग पर आवाजाही ना करें क्योंकि लोग वहां फस रहे हैं और गिर रहे हैं।



**शासन प्रशासन की उदासीन रवैया**

शासन प्रशासन और नेताओं की उदासीनता के कारण क्षेत्रवासियो में भारी रोष व्याप्त है ।सिंघोला, सुरगी,सोमनी टेडेसरा राज.क्षेत्र के बड़े-बड़े नेताओं का आवागमन इस गाँव मे आए दिन होता रहता है। लेकिन जानबूझ कर नजर अंदाज कर दी जाती है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि नेता गण आते रहते है लेकिन उनको कोई मतलब नहीं है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com